Press Clippings; Date: 24/02/2015;
SUB:- BLOOD DONORS FELICITATED AT ICFAI VARSITY

इक्फाई के विद्यार्थियों को मिला प्रमाणपत्र

रांची | संवाददाता

रेडक्रॉस सोसाइटी ने सोमवार को इक्फाई विवि के रक्तदाता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दिया। 35 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों को प्रमाण पत्र दिए गए।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने सभी रक्तदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि रक्तदान से किसी की जान बचती है।

रिम्स के डॉ एके अग्रवाल ने कहा कि समय-समय पर रक्तदान करने से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन माह के बाद रक्तदान कर सकता है। मौके पर डॉ केके नाग, प्रो एएस प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

02 hindustantimes HINDUSTAN TIMES, RANCHI
TUESDAY, FEBRUARY 24, 2015

Red Cross Society gives away certificates

RANCHI: Indian Red Cross Society on Monday gave away certificates to the students and employees of the ICFAI University that donated blood at the blood donation camp, organised by University, in association with Indian Red Cross Society. Over 35 students and employees received the certificates. Complimenting the donors, on the occasion, Prof ORS Rao ,Vice-Chancellor of the University said that the donors can have the satisfaction that each one of them saved a precious life. **HTC**

the pioneer
RANCHI | TUESDAY | FEBRUARY 24, 2015
nation 02

BLOOD DONORS FELICITATED AT ICFAI VARSITY

On Monday, Indian Red Cross Society gave away certificates to the students and employees of the ICFAI University that donated blood at the blood donation camp, organised by ICFAI University Jharkhand, in association with Indian Red Cross Society. Over 35 students and employees received the certificates. Complimenting the donors on the occasion, Prof ORS Rao, vice-chancellor of the University said that the donors can have the satisfaction that each one of them saved a precious life.

रक्तदाताओं को मिला प्रमाण पत्र

रांची। भारतीय रेडक्रास सोसाइटी ने सोमवार को इक्फाइ विश्वविद्यालय के 35 रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ओआरएस राव ने सभी को बधाई दी। कहा कि रक्तदाताओं के बेहतर योगदान से कई लोगों की अमूल्य जान बचायी जा सकेगी। डॉ एके अग्रवाल ने बताया कि समय समय पर रक्तदान करने से शरीर में नयी रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। कोई भी स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह में एक बार रक्त दान कर सकता है। मौके पर डॉ केके नाग, एएस प्रसाद, मदन प्रसाद, डॉ बीएम सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

इक्फाइ विश्वविद्यालय के रक्तदाताओं को मिला प्रमाण पत्र

रांची. भारतीय रेड क्रास सोसाइटी द्वारा इक्फाइ विवि, झारखंड के रक्तदान शिविर में शामिल रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र बांटे गये. इस दौरान 35 से अधिक विद्यार्थियों व कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र दिये गये. इस अवसर पर कुलपति प्रो ओआरएस राव ने सभी रक्तदाताओं को बधाई दी. शिविर की देखरेख करनेवाले रिम्स के डॉ एके अग्रवाल ने विवि के सहयोग की सराहना की. उन्होंने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन माह में एक बार रक्तदान कर सकता है. समारोह में डॉ केके नाग, प्रो एएस प्रसाद, प्रो मदन प्रसाद, कुलसचिव डॉ बीएम सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे.

प्रमाणपत्र के साथ इक्फाइ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी. फोटो । प्रभात खबर

दैनिक भास्कर रांची, मंगलवार 24 फरवरी, 2015

रक्तदान से नई कोशिकाओं का होता है निर्माण : प्रो. राव

इक्फाई यूनिवर्सिटी में रक्तदाताओं के बीच सर्टिफिकेट वितरण

सिटी रिपोर्टर| रांची

इक्फाई यूनिवर्सिटी के झारखंड के वीसी डॉ. ओएस राव ने कहा कि रक्तदान महादान है। इसके बाद भी रक्तदान को लेकर लोगों में गलत धारणाएं हैं। चिकित्सक इस धारणा को दूर करने में हद तक सफल हुए हैं। वे सोनवार को यूनिवर्सिटी परिसर में रक्तदाताओं के सर्टिफिकेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान से नई कोशिकाओं का निर्माण होता है, जो स्वस्थ रहने में मदद करता है।

रेड क्रास सोसायटी और यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में 80 लोगों को सर्टिफिकेट दिया गया। इसमें स्टूडेंट्स, फैकल्टी और कर्मचारी शामिल हैं। वरीय सलाहकार सह रांची विवि के पूर्व वीसी डॉ. केके नाग ने कहा कि पिछले तीन साल से विवि में रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा है। रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह ने कहा कि आपलोगों द्वारा दिया हुआ रक्त किसी के जान बचाने के काम में आता है। समारोह में प्रो. मदन प्रसाद समेत चिकित्सक डॉ. एके अग्रवाल व अन्य ने विचार रखे।

कुल 80 लोगों के बीच बांटा गया सर्टिफिकेट।

सन्मार्ग

रांची, मंगलवार 24 फरवरी 2015
www.sanmargjharkhand.com

एक झलक

ईक्फाई विवि में विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

रांची : दलादली स्थित ईक्फाई विवि के विद्यार्थियों ने सोमवार को आयोजित रक्तदान शिविर में योगदान दिया। यह रक्तदान शिविर रेडक्रॉस की ओर से आयोजित किया गया था। इस मौके पर संस्थान के कर्मचारियों ने भी रक्तदान किये। सभी 35 रक्तदाताओं को रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। सभी लोगों को ईक्फाई विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने इस कार्य के लिए बधाई दी। इस मौके पर प्रोफेसर डॉ. एके श्रीवास्तव, डॉ. केके नाग, एसोसिएट डीन डॉ. एएस प्रसाद, डॉ. मदन प्रसाद, रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह तथा शिक्षक व छात्र मौजूद थे।